## महत्वपूर्ण एवं खास

### दो आईएफएस अधिकारियों का तबादला

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ सरकार ने एक बार फिर से प्रशासनिक फेरबदल किया है, जिसमें दो आईएफएस अधिकारियों का तबादला किया गया है. यह आदेश वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा जारी किया गया है, जिसके तहत दो अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है. आदेश के अनुसार, तपेश कुमार झा (बैच 1989) वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लिमिटेड, नवा रायपुर के प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं प्रबंध संचालक के पद पर कार्यरत थे।

### न्यायालय परिसर में फिर घुसा भालू, एक वनकर्मी को किया घायल, दहशत में लोग

**कांकेर (आरएनएस)।** न्यायालय परिसर में एक बार फिर भालू घुस आया है. बुधवार को भी भालू न्यायालय परिसर में घुसा आया था, जो रात्रि में निकलकर भाग गया था. लेकिन सुबह होते ही भालू फिर से लौट आया, और एक वनकर्मी को घायल कर दिया है. दो दिनों से भालू के न्यायालय परिसर में आने-जाने से काम के लोगों दहशत में हैं। कांकेर जिला मुख्यालय में जंगली जानवरों का आतंक लगातार बना हुआ है. आए दिन भालू, तेंदुआ जैसे जंगली जीव भोजन-पानी की तलाश में रिहायशी इलाकों में पहुंचकर लोगों पर हमले कर रहे हैं. आज भी जिला न्यायालय परिसर में घुसे भालू ने एक वनकर्मी पर हमला कर घायल कर दिया. गनीमत रही कि मौके पर मौजूद अन्य वनकर्मियों ने भालू को खदेड़ा नहीं तो अप्रिय घटना हो सकती थी. लेकिन भालू की वजह से न्यायालय के साथ ठीक सामने स्थित कलेक्ट्रेट व अन्य शासकीय विभागों में आने-जाने वाले लोगों में दहशत है।

### आटा एवं मैदा खरीदकर 74 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर (आरएनएस)।** महामाया फुड्स एंड ग्रेस प्राइवेट लिमिटेड पाम रेसीडेंसी लाखों रुपए का आटा एवं मैदा लेकर रकम का भुगतान नहीं करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी दंपति के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शुभम गोयल 29 वर्ष तेलघानी नाका चौक गंज का रहने वाला है। प्रार्थी का पाम रेसीडेंसी में महामाया फुड्स एंड ग्रेस प्राइवेट लिमिटेड नाम से गोदाम है। जहां आरोपी जुगल किशोर अपनी पत्नी कोमल के साथ मिलकर 74 लाख 89 हजार 966 रुपए का आटा एवं मैदा मंगवाया और रकम का भुगतान ना कर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### कोल ट्रेडिंग के नाम पर साढ़े 17 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर (आरएनएस)।** कोल ट्रेडिंग के नाम पर 17 लाख 53 हजार से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी बृजेश कुमार सिंह 60 वर्ष सेक्टर 3 एलआईजी 29 देवेन्द्र नगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी संजय पांडेय, संध्या पांडेय और शशांक पांडेय ने प्रार्थी को कोल ट्रेडिंग करने के नाम पर नगद 2 लाख 63 हजार रुपए और ऑनलाइन बैंक ट्रांजेक्शन के माध्यम से 14 लाख 90 हजार 200 रुपए, इस तरह कुल 17,53,200 रुपए ऐंठ लिया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# छत्तीसगढ़ में छठ : 33 जिला मुख्यालय में लगभग 2200 घाटों पर डूबते सूर्य को

**रायपुर । आरएनएस**

छठ महापर्व का गुरुवार तीसरा दिन है। व्रतियों ने गुरुवार को घाट पर जाकर डूबते सूर्य को अघर्य दिया। छत्तीसगढ़ के 33 जिला मुख्यालयों में करीब 22 से ज्यादा छठ घाटों पर आज भव्य आयोजन किया गया। छठ पूजा के लिए घाटों को विशेष रुप से सजाया गया है।

छत्तीसगढ़ के लगभग सभी जिला मुख्यालयों में पूजा के लिए छठ घाटों की विशेष साफ- सफाई के साथ ही सजवाट की गई है। दोपहर से ही छठ घाटो पर व्रतियों और उनके परिवारजनों के पहुंचने का क्रम शुरू हो गया है। 4 बजते- बजते सभी प्रमुख घाटों पर जन सैलाब नजर आने लगा। हजारों व्रतियों के साथ लाखों की भीड़ घाटों पर पहुंच गई। इसके साथ ही सूर्यास्त का इंतजार किया जाने लगा। परंपरा के अनुसार कुछ लोग पानी में उतर कर अघर्य देने के लिए सूर्यास्त की प्रतिक्षा करने लगे तो कुछ घाट पर ही बैठे रहे। जैसे ही सूर्य की अंतिम रोशनी भी अस्त होने के कगार पर आई व्रतियों ने अघर्य देना शुरू कर दिया। इसके बाद ज्यादातर लोग वापस अपने घर लौट गये।

छठ घाटों पर पूजा- पाठ के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया है, जो पूरी रात चलेगा। इसके बाद घरों में कोसी भरने के साथ पूजा की अन्य विधि की जाएगी। इधर, डूबते सूर्य को अघर्य देकर लौट गए व्रति और उनके परिजन फिर अल सुबह ही घाटों पर पहुंच जाएंगे। आधी रात बाद से ही घाटों पर भीड़ जुटनी शुरू हो जाएगी। इसके साथ ही व्रति सूर्य देवता के इंतजार में खड़ी हो जाएंगी। सुबह वे सूर्योदय का इंतजार करेंगी, जैसे ही आसमान में सूर्य का आभास होगा फिर अघर्य देने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। सुबह उगते सूर्य को अघर्य देने के साथ ही चार दिनों का यह कठिन व्रत पूरा हो जाएगा।



**उगते सूर्य को अघ्र्य के देने के साथ छठ महापर्व सम्पन्न, महिलाओं ने जल में उतरकर की मांगी मुराद-** राजधानी रायपुर के समता कॉलोनी स्थित आमातालाब छठ घाट में शुक्रवार को सुबह विश्वकर्मा महिला मंडल दुलार धर्म शाला की महिलाओं ने पूजा के लिए बनाए गए घाटों में जल में उतरकर भगवान सूर्य को अघ्र्य दिया और परिवार की सुख समृद्धि की मंगलकामनाएं की। इसके साथ ही 36 घंटे तक चले महाव्रत का पारायण भी किया। छठी मइया कर दें हर मुराद पूरी, घर-घर बांटे लड्डू व ठेकुआ का गीत गाते हुए शुक्रवार की सुबह समता कॉलोनी स्थित आमातालाब में बनाए गए घाटों पर व्रती महिलाएं उमड़ पड़ीं। उगते सूर्य को अघ्र्य देकर 36 घंटे का निर्जला व्रत रखने वाली महिलाओं ने छठी मइया और सूर्य भगवान से अपनी संतानों, पति व परिवार की खुशियां मांगी। इसके बाद व्रत का पारायण किया। सुबह से ही छठ घाट में परिवार सहित महिलाएं सूर्य देवता के दर्शन कर अघ्र्य देने के लिए उपस्थित थी। शानदार भक्ति गीतों के बीच बच्चों ने जमकर आतिशबाजी भी की।

### छठ पर्व मानव व प्रकृति को जोड़ने का पर्व : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यहां राजधानी रायपुर के महादेव घाट पर आयोजित छठ महापर्व कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी को छठ पर्व की शुभकामनाएं दी और कहा कि सूर्य आराधना छठ पूजन मानव को प्रकृति से जोडऩे का पर्व है। मुख्यमंत्री साय खारुन नदी तट पर छठी मैया की मंगल आरती में भी शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन छठ पर्व आयोजन समिति महादेव घाट द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छठ महापर्व के इस कार्यक्रम में आकर मैं स्वयं को बहुत सौभाग्यशाली अनुभव कर रहा हूँ। इस भव्य आयोजन के लिए मैं आयोजन समिति को बहुत बहुत बधाई देता हूँ। छठ महापर्व की प्रतीक्षा उपासक वर्ष भर करते हैं। इस महापर्व पर दूर-दूर से लोग चाहे कहीं भी रह कर काम कर रहे हों, वे छठ पूजा में शामिल होने पहुंचते हैं। सरकार के द्वारा भी छठ पर विशेष रेल आदि परिवहन की व्यवस्था की जाती है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सूर्य भगवान की उपासना के इस पर्व में कठिन व्रत रखा जाता है। हमारी माताएं-बहनें निर्जला उपवास रखती हैं। छठ महापर्व हमें प्रकृति से भी जोड़ता है। नदी, तालाब आदि जल-स्त्रोत के करीब घाटों पर छठ की पूजा होती है, इस तरह इस पर्व में हम प्रकृति के समीप पहुंचते हैं। छठ पर्व पर हमें नदी और तालाब जैसे हमारे जल-स्त्रोतों के भी संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लेना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं आज दिवंगत गायिका श्रीमती शारदा सिन्हा को भी श्रद्धांजलि देना चाहूंगा। उनके छठ गीतों को हमारी पूरी पीढ़ी ने सुना है। मैं छठी मैया और सूर्य भगवान से सभी छत्तीसगढ़ वासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करता हूँ।

# बिलासपुर-कटनी रुट पर 16 से 19 तक 15 ट्रेनें रद्द

**रायपुर । आरएनएस**

बिलासपुर रेल मंडल के करकेली स्टेशन को तीसरी रेल लाइन से जोडऩे के लिए करकेली स्टेशन में यार्ड मॉडिफिक़ेशन का कार्य किया जायेगा। बिलासपुर-कटनी तीसरी लाइन परियोजना दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महत्वपूर्ण परियोजना है, जिससे भविष्य में यात्री सुविधाओं में वृद्धि होगी। इस कार्य के फलस्वरुप कुछ यात्री गाडिय़ों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इसी प्रकार बिलासपुर-कटनी के बीच तीसरी रेल लाइन इस रेलवे की एक महत्वपूर्ण तथा व्यस्त रेल मार्ग है, जो इस पूरे क्षेत्र को उत्तर भारत से जोड़ती है। परिचालन को और भी सुचारू तथा नई गाडियों के मार्ग प्रशस्त करने के लिए नई लाइनों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसी दिशा में सक्रिय रूप से कार्य करते हुए बिलासपुर से कटनी के बीच तीसरी लाइन का कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत बिलासपुर- कटनी सेक्शन के करकेली रेलवे स्टेशन को तीसरी लाइन से जोडऩे का कार्य किया जाएगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अनुनपुर-कटनी सेक्शन में कुल 165.52 किलोमीटर रेलवे लाइन का कार्य किया जा रहा है। अब तक इस सेक्शन में 101 .40 किलोमीटर रेलवे लाइन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। करकेली रेलवे स्टेशन को तीसरी रेललाइन को जोडऩे का यहा कार्य दिनांक 17 नवम्बर से 19 नवम्बर, 2024 तक (विभिन्न तिथियो में) किया जायेगा। इस कार्य के फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलाने वाली कुछ यात्री गाडिय़ों का परिचालन प्रभावित रहेगा। जिसका विवरण इस प्रकार है:-


**रद्द होने वाली गाडियां:-** 01. दिनांक 16 नवम्बर से 19 नवम्बर, 2024 तक जबलपुर से चलने वाली 11265 जबलपुर-अम्बिकापुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 02.दिनांक 17 नवम्बर से 20 नवम्बर, 2024 तक अम्बिकापुर से चलने वाली 11266 अम्बिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 03. दिनांक 15 नवम्बर से 19 नवम्बर, 2024 तक बिलासपुर से चलने वाली 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 04. दिनांक 16 नवम्बर से 20 नवम्बर, 2024 तक रीवा से चलने वाली 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 05. दिनांक 18 नवम्बर, 2024 को रीवा से चलने वाली 11751 रीवा-चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 06. दिनांक 19 नवम्बर, 2024 को चिरमिरी से चलने वाली 11752 चिरमिरी-रीवा पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 07. दिनांक 17 नवम्बर, 2024 को दुर्ग से चलने वाली 18203 दुर्ग-कानपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 08. दिनांक 18 नवम्बर, 2024 को कानपुर से चलने वाली 18204 कानपुर-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 09. दिनांक 14 नवम्बर, 2024 को दुर्ग से चलने वाली 18205 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 10. दिनांक 16 नवम्बर, 2024 को नौतनवा से चलने वाली 18206 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 11.दिनांक 19 नवम्बर, 2024 को चिरमिरी से चलने वाली 05755 चिरमिरी-अनुनपुर पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 12. दिनांक 19 नवम्बर, 2024 को अनुनपुर से चलने वाली 05756 अनुनपुर- चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 13. दिनांक 17 नवम्बर से 19 नवम्बर, 2024 तक चिरमिरी से चलने वाली 08269 चिरमिरी-चंदिया रोड पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 14. दिनांक 17 नवम्बर से 19 नवम्बर, 2024 तक चंदिया रोड से चलने वाली 08270 चंदिया रोड-चिरमिरी- पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 15. दिनांक 16 नवम्बर से 19 नवम्बर, 2024 तक कटनी से चलने वाली 06617 कटनी-चिरमिरी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। 16. दिनांक 17 नवम्बर से 20 नवम्बर, 2024 तक चिरमिरी से चलने वाली 06618 चिरमिरी-कटनी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। रेल प्रशासन यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त करता है तथा सहयोग की आशा करता है।

### मुठभेड़ में मारे गये तीन वर्दीधारी नक्सली, भारी संख्या में आम्र्स एम्युनेशन बरामद

**बीजापुर (आरएनएस)।** शुक्रवार को बीजापुर के रेखापल्ली में जवानों एवं नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में तीन नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। जवानों ने मौके से तीन वर्दीधारी नक्सलियों के शव बरामद किये है साथ ही एक नग एसएलआर रायफल तथा अन्य हथियार सहित भारी संख्या में आम्र्स एम्युनेशन बरामद किया है। बता दें कि शुक्रवार को डीआरजी/एसटीफ/कोबरा बटालियन तथा सीआरपीएफ की टीम जिला बीजापुर के उसूर-बासागुड़ा-पामेड़-तर्रेम क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर सर्चिंग के लिए निकली थी। इसी दौरान सुबह 11 बजे के करीब रेखापल्ली-कोमठपल्ली जंगलों में नक्सलियों ने पुलिस पार्टी पर हमला कर दिया। जवानों ने भी जवाबी कार्यवाही करते हुए गोलीबारी शुरू कर दी। इस मुठभेड़ में तीन नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। पुलिस ने मुठभेड़ स्थल से दो नक्सलियों के शव तथा एक नग एसएलआर रायफल तथा अन्य हथियार सहित भारी संख्या में आम्र्स एम्युनेशन बरामद किया है। मुठभेड़ में मारे गये माओवादियों की शिनाख्तगी की कार्यवाही की जा रही है।

## औद्योगिक विकास के लिए 118 एकड़ जमीन की मिली मंजूरी, उद्योगपतियों ने कहा- बस्तर में आर्थिक विकास में आएगी तेजी

**जगदलपुर । आरएनएस**



राज्य सरकार ने बस्तर के औद्योगिक विकास को गति देने के लिए जगदलपुर के नियानार गांव में 118 एकड़ भूमि के आवंटन की मंजूरी दे दी है. इस कदम से बस्तर क्षेत्र में सहायक उद्योगों की स्थापना को बल मिलेगा, खासकर नगरनार इस्पात संयंत्र के आसपास. इससे स्थानीय रोजगार में वृद्धि और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है.

बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने लंबे समय से इस भूमि आवंटन की मांग की थी, जिसे अब मुख्यमंत्री के नेतृत्व में स्वीकार किया गया और केबिनेट की स्वीकृति भी मिल गई है. इस भूमि आवंटन से छोटे और मध्यम उद्योगों की स्थापना को सरल बनाने में मदद मिलेगी.

बीसीसीआई के अध्यक्ष श्याम सोमानी ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह कदम बस्तर में औद्योगिक और व्यवसायिक वातावरण को और सशक्त बनाएगा. उनका मानना है कि इससे न केवल स्थानीय व्यवसायों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं को भी रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे. इसके साथ ही, बस्तर का औद्योगिक क्षेत्र और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था तेजी से विकास की दिशा में बढ़ेगी.

# 14 से शुरू हो रही है धान खरीदी, 25 लाख से ज्यादा किसानों से 3100 रुपये में धान खरीदेगी छत्तीसगढ़ सरकार

**रायपुर । आरएनएस**

14 नवंबर से शुरू होने वाली धान खरीदी में इस वर्ष राज्य सरकार 25,75,804 किसानों से धान खरीदी करेगी। पिछले वर्ष की तुलना में किसानों की संख्या में जहां लगभग एक लाख की बढ़ोतरी हुई है। वहीं रकबा में भी करीब दो लाख हेक्टेयर की बढ़ोतरी की गई है और रकबा भी बढक़र 32,50,123.917 हेक्टेयर हो गया है। धान खरीदी का कार्य 31 जनवरी 2025 तक किया जाना है,इसके लिए 31 अक्टूबर तक एकीकृत किसान पोर्टल में किसानों का पंजीयन किया गया।

प्रदेश के सभी धान खरीदी केंद्रों में इलेक्ट्रानिक तुलाई मशीन का उपयोग होगा। इसके साथ ही इस वर्ष किसानों को 3,100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाएगी।

कृषि विभाग के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार धान के लिए पंजीयन में कैरी फारवर्ड पंजीयन संख्या 25,27,301 है तथा नए पंजीकृत 38,793 और संस्थागत पंजीयन 142 है। इसी प्रकार सुंगधित धान के लिए पंजीयन 9,190 तथा नए पंजीकृत 60 है। वहीं अन्य फोर्टिफाइड धान के लिए कैरी फारवर्ड पंजीयन 316 व नए पंजीयन दो है। अधिकारियों का कहना है कि धान खरीदी की सारी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है।

**160 लाख मीट्रिक टन धान की होगी खरीदी-** प्रदेश में करीब 37.46 लाख किसान परिवार है,इनमें से 80 प्रतिशत लघु और सीमांत किसान है। प्रदेश में धान, सोयाबीन, उड़द और अरहर मुख्य खरीफ फसलें है। पिछल वित्तीय वर्ष में रिकार्ड 144.92 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई थी। इस साल राज्य सरकार ने 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य रखा है।

**31 मार्च तक होगा उठाव-** धान खरीदी के साथ ही धान का उठाव भी किया जाएगा। 31 मार्च तक धान का उठाव अनिवार्य किया जाना है। किसानों के लिए धान उपार्जन केंद्रों में बैठक, पेयजल, कंप्यूटर और इंटरनेट की व्यवस्था रहेगी।

# रायपुर के हवाई यात्रियों के लिए खुशखबरी, अगले दो महीनों में देश के तीन बड़े शहरों के लिए शुरू होगी फ्लाइट

**रायपुर । आरएनएस**

अगले दो महीनों में ही रायपुर से पटना, जयपुर और सूरत की फ्लाइट शुरू होना तय हो गया है। विमानन कंपनी के अधिकारियों ने इन रूटों के लिए सर्वे का काम भी पूरा कर लिया है। अधिकारियों का कहना है कि अब फ्लाइटों की टाइमिंग तय की जा रही है।

दिसंबर आखिरी में जनवरी पहले सप्ताह में इन शहरों के लिए रायपुर से फ्लाइट शुरू हो सकती है। वहीं दूसरी ओर 12 नवंबर से विस्तार एयरलाइंस की फ्लाइट बंद होकर एयर इंडिया इंडिया हो जाएगी। इस प्रकार विस्तारा एयरलाइंस 11 नवंबर को अपनी आखिरी उड़ान भरेगी।

काफी समय से रायपुर से जयपुर व पटना के लिए फ्लाइट शुरू करने की मांग की जा रही है। व्यास हालीडेज के संचालक कीर्ति व्यास ने बताया कि उन्होंने विमानन कंपनी को इन शहरों के लिए फ्लाइट शुरू करने पत्र भी लिखा था। हवाई यात्रियों के द्वारा भी लगातार इन शहरों के लिए फ्लाइट की मांग बनी हुई है।

स्वामी विवेकानंद विमानतल में यात्रियों की संख्या में लगातार हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए आने वाले दिनों में यहां चौथा एयरोब्रिज भी शुरू करने की तैयारी है। इसके लिए प्रस्ताव भी बना लिया गया है। वर्तमान में विमानतल में तीन एयरोब्रिज है। यात्रियों की संख्या बढऩे के कारण अब विमानतल में रिटेल स्टोर भी शुरू किए गए है।

**10 महीनों में 20 लाख से ज्यादा यात्रियों ने भरी उड़ान-** इस वर्ष जनवरी से लेकर अक्टूबर तक 10 महीनों में रायपुर विमानतल से 20 लाख से ज्यादा यात्रियों की आवाजाही हुई है। इसके साथ ही यहां से विदेश जाने वालों की संख्या में भी बढ़ोतरी हो रही है और हर वर्ष रायपुर विमानतल से करीब 3.50 लाख यात्री विदेश जाते है।

**विस्तार एयरलाइंस का बदलाव:** 12 नवंबर से विस्तारा एयरलाइंस एयर इंडिया में बदल जाएगी। विस्तारा की आखिरी उड़ान 11 नवंबर को होगी।

**चौथा एयरोब्रिज:** रायपुर एयरपोर्ट पर चौथे एयरोब्रिज का प्रस्ताव है, जो बढ़ती यात्री संख्या को देखते हुए तैयार किया जा रहा है।

**यात्री संख्या में वृद्धि:** इस वर्ष जनवरी से अक्टूबर तक रायपुर एयरपोर्ट से 20 लाख से ज्यादा यात्रियों ने उड़ान भरी है।

विदेशी यात्रियों की संख्या: हर साल लगभग 3.50 लाख यात्री रायपुर एयरपोर्ट से विदेश यात्रा करते हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक



आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## भारतीय रेलवे ने बनाया रिकार्ड : एक दिन में ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड की जनसंख्या से भी ज्यादा लोगों ने की ट्रेन जर्नी

**भिलाई । आरएनएस**

नवरात्रि से लेकर दशहरा, दीपावली व छठ पर्व को देखते हुए रेलवे ने कई स्पेशल ट्रेनों को ट्रैक पर उतारा है। स्पेशल ट्रेनों के जरिए देशभर से लाखों करोड़ों यात्रियों ने यात्रा की। इस बीच रेलवे ने 24 घंटे में यात्रा का एक रिकार्ड बनाया है। यह रिकार्ड 4 से 5 नवंबर के बीच बना है। दरअसल इस दौरान भारतीय रेल से सफर करने वालों की संख्या आस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड की संयुक्त जनसंख्या से भी अधिक रही। इस दौरान ट्रेनों से यात्रा करने वालों की संख्या तीन करोड़ रही।

बता दें त्योहारों में अतिरिक्त भीड़ को सुविधा प्रदान करने के लिए, 1 अक्टूबर 2024 से 30 नवंबर 2024 के बीच कुल 7,666 विशेष ट्रेन सेवाओं की घोषणा की गई है। पिछले वर्ष इसी अवधि में 4,429 ट्रिप चलाई गई थीं। यह पिछले वर्ष से 73त्न अधिक है। 1 अक्टूबर से 5 नवंबर के बीच अब तक 4,521 विशेष ट्रेनें चलाई गई हैं। इस अवधि के दौरान विशेष ट्रेनों में 65 लाख यात्रियों को सेवाएं उपलब्ध कराई गई है।

**एक माह में 7 करोड़ से ज्यादा यात्रियों ने किया सफर-** 1 अक्टूबर से 5 नवंबर के दौरान बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश और झारखंड में लगभग 7.5 करोड़ यात्री विशेष ट्रेनों के माध्यम से यात्रा कर चुके हैं। सोमवार यानी 4 नवंबर 2024 को रेलवे ने एक दिन में सर्वाधिक यात्रियों को हैंडल किया। रेलवे में तीन करोड़ यात्री सवार हुए, जो ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड की संयुक्त जनसंख्या से अधिक है। 4 नवंबर 2024 को 120.72 लाख (19.43 लाख आरक्षित और 101.29 लाख बिना आरक्षित) यात्री सफर किये। 180 लाख उपनगरीय यात्री रेलवे द्वारा ट्रैक किए गए। यह वर्तमान वर्ष के लिए एक दिन का सबसे बड़ा यात्री आंकड़ा है।

**चलाई गई विशेष ट्रेनों की संख्या-** छठ वापसी की भीड़ सुबह सूर्य अघ्र्य के बाद 8 नवंबर से शुरू होगी। इसलिए 8 नवंबर की ट्रेनों को नोटिफाइड किया जा चुका है। रेलवे द्वारा 3 नवंबर को 207 ट्रेनें, 4 नवंबर को 203 ट्रेनें, 5 नवंबर को: 171 ट्रेनें और 6 नवंबर को 164 ट्रेनें चलाई गई। इसके अलावा रेलवे द्वारा 7 नवंबर को 164 ट्रेनें, 8 नवंबर को 164 ट्रेनें, 9 नवंबर को 160 ट्रेनें, 10 नवंबर को 161 ट्रेनें तथा 11 नवंबर को 155 ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा।

**दुर्ग से अमृतसर के लिए फेस्टिव स्पेशल-** गाड़ी संख्या 08795/08796 दुर्ग-अमृतसर-दुर्ग, फेस्टिवल स्पेशल, दुर्ग से 07 एवं 10 नवंबर 2024 को तथा अमृतसर से 09 एवं 12 नवंबर 2024 को दो फेरे के लिए चलेगी। गाड़ी संख्या 08295/08296 बिलासपुर-हडपसर-बिलासपुर त्योहार स्पेशल बिलासपुर से हडपसर के लिए 08 नवंबर 2024 को एवं हडपसर से बिलासपुर के लिए दिनांक 09 नवंबर 2024 को एक फेरे के लिए चलेगी। गाड़ी संख्या 07023/ 07024 सनतनगर-रायपुर-सनतनगर स्पेशल सनतनगर से रायपुर के लिए दिनांक 07 एवं 14 नवंबर, 2024 को तथा रायपुर से सनतनगर के लिए दिनांक 08 एवं 15 नवंबर 2024 को दो फेरे के लिए चलेगी।